अप्रैल 2022

# आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकार एवं जिम्मेदारियां

हर साल काम की जगह पर होने वाली घटनाओं में बहुत से लोगों की मौत हो जाती है या वे घायल हो जाते हैं और अन्य सैंकड़ों लोगों की काम से संबंधित अस्वस्थता के कारण जल्दी मौत हो जाती है। हानि की रोकथाम में मदद करना सभी की जिम्मेदारी है।[1]

यदि आप न्यूज़ीलैंड में काम करते हैं, तो आपके लिए अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकारों तथा जिम्मेदारियों को जानना जरूरी है, ताकि हर कोई काम पर स्वस्थ और सुरक्षित रह सके।

## आपको अधिकार है

अधिकार

### स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण में काम करें

रिस्क या जोखिम वे चीजें हैं जो आपको चोट पहुंचा सकती हैं, या आपको बीमार कर सकती हैं। आप जिस व्यवसाय के लिए काम करते हैं, या वह व्यवसाय जो आपके काम करने की जगह को नियंत्रित करता है, तो उनकी जिम्मेदारी है कि वे काम से संबंधित स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिमों का प्रबंधन करें।

### आप काम शुरू करने से पहले उचित प्रशिक्षण प्राप्त करें

जिस व्यवसाय के लिए आप काम करते हैं, उनके लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आपको अपना काम स्वस्थ और सुरक्षित तरीके से करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। सुनिश्चित करें कि आपको जोखिमों के बारे में समझ है और आपको जानकारी है कि काम पर स्वयं को तथा दूसरों को स्वस्थ एवं सुरक्षित कैसे रखा जाए।

### सुरक्षित मशीनरी, वाहन, औजारों और उपकरण के साथ काम करें

व्यवसाय के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि काम पर आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरण, औजार, वाहन और मशीनरी आपके उपयोग के लिए सुरक्षित हैं और अच्छी तरह से काम करने की स्थिति में हैं।

### खतरनाक काम मत करें या उसे करने से मना करें

यदि आपको लगता है कि किसी काम को करने से आपको, या किसी अन्य व्यक्ति को गंभीर स्वास्थ्य या सुरक्षा के खतरे का सामना करना पड़ सकता है, तो आपको काम को रोक देने या काम करने से इनकार करने का अधिकार है। यदि आपने काम बंद कर दिया है, तो आपको जल्द से जल्द अपने मैनेजर को बताना होगा।

### स्वास्थ्य और सुरक्षा जानकारी तक पहुंच (या उपलब्ध होना)

आप जिस व्यवसाय के लिए काम करते हैं, उनके लिए यह जरूरी है कि वे आपको काम पर स्वस्थ और सुरक्षित रहने के बारे में ऐसी जानकारी प्रदान करें, जिसे आप समझ सकते हैं।

### व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई)

ज्यादातर मामलों में जिस व्यवसाय के लिए आप काम करते हैं, उन्हें चाहिए कि वे आपको सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए अगर जरूरी हो तो आपको व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) प्रदान करे, उदाहरण के लिए, हार्ड हैट (सख्त हैट), ईयर मफ (कानों को ढकने वाले उपकरण) और सुरक्षा चश्मा।

आपके व्यवसाय को चाहिए कि वे आपको अपने पीपीई का उचित उपयोग, सफाई और देखभाल करने के लिए प्रशिक्षित करें।

आप जिस व्यवसाय के लिए काम करते हैं, वह आपसे पीपीई के लिए शुल्क नहीं ले सकता है। आप स्वेच्छा से अपना स्वयं का पीपीई प्रदान कर सकते हैं लेकिन यह जरूरी है कि इसे आपके व्यवसाय द्वारा जांचा और अनुमोदित किया जाए।

[1] हैल्थ एंड सेफ्टी एट वर्क एक्ट (काम पर सुरक्षा एवं अधिकार अधिनियम) 2015

अधिकार

### अपनी आवाज उठाएं

आप अपने व्यवसाय की आंख और कान हैं। अपने व्यवसाय को अपने विचारों, अनुभवों या चिंताओं और अपने साथी कर्मचारियों के बारे में बताने से आपको और दूसरों को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।

यदि आप स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी चिंता के बारे में रिपोर्ट करते हैं या उस पर कोई कार्रवाई करते हैं तो आपकी नौकरी या अनुबंध को समाप्त नहीं किया जा सकता। काम पर स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में आपके आवाज उठाने के कारण, किसी के द्वारा भी आपके साथ भेदभाव करना या अन्य नकारात्मक कदम उठाना कानून के खिलाफ है।

### अपनी बात कहने का मौका दिया जाए

आपको अपने विचार व्यक्त करने और काम पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर निर्णय लेने में योगदान करने के लिए उचित अवसर दिए जाने चाहिए। इसमें [निम्न] के बारे में निर्णय शामिल हैं:

- आपकी स्वास्थ्य निगरानी
- आपके कार्यस्थल के हालात
- कर्मचारियों के लिए सूचना और प्रशिक्षण।

### स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रतिनिधि (एचएसआर) और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समितियां (एचएससी)

आप अपने व्यवसाय से एचएसआर या एचएससी के लिए कह सकते हैं, ताकि स्वास्थ्य एवं सुरक्षा में सुधार के लिए कर्मचारियों और व्यवसाय को एक साथ काम करने में मदद मिल सके। आप यूनियन में शामिल होने का विकल्प भी चुन सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए वर्कसेफ पर उपलब्ध *Worker Engagement, Participation and Representation* (कर्मचारी सहभागिता, भागीदारी और प्रतिनिधित्व) के अच्छे अभ्यास के दिशानिर्देशों को देखें: worksafe.govt.nz

### निम्न उपलब्ध कराया जाए

- शौचालय और हाथ धोने की सुविधाएं
- स्वच्छ पीने का पानी
- प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं
- उचित आराम और आश्रय में भोजन करने का स्थान।

### आपात स्थिति में क्या करना चाहिए इसकी समझ

आपके नियोक्ता को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि आपको आपात स्थिति में क्या करना है इसकी जानकारी है, उदाहरण के लिए आग लगने पर कैसे बचना है या भूकंप आने पर क्या करना है।

## काम पर आपकी जिम्मेदारियां

जिम्मेदारियां

### एक कर्मचारी के रूप में आपकी जिम्मेदारी है कि

- अपने स्वयं के स्वास्थ्य और सुरक्षा का उचित ध्यान रखें
- इस बात का उचित ध्यान रखें कि आप जो करते हैं या नहीं करते हैं उस से अन्य लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता
- किसी भी उचित कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति या प्रक्रिया के साथ सहयोग करें जो आपके व्यवसाय में है
- आप जिस व्यवसाय के लिए काम करते हैं, उसके द्वारा दिए गए किसी भी उचित निर्देश का पालन करें।

### अगर आपको स्वास्थ्य और सुरक्षा की चिंता है तो आप क्या कर सकते हैं?

- अपने प्रबंधक या अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिनिधि को बताएं।
- किसी सहकर्मी या समुदाय के सदस्य को अपनी ओर से उस मुद्दे को उठाने के लिए कहें।
- अपनी यूनियन से संपर्क करें, जो आपकी ओर से कार्य कर सकती है।
- WorkSafe (वर्कसेफ) से 0800 030 040 नंबर पर संपर्क करें।
- हमारी वेबसाइट पर जाएँ: worksafe.govt.nz ('concern' को खोजें)

कार्यकर्ता अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए वर्कसेफ वेबसाइट पर जाएं: worksafe.govt.nz